आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के स्थापना दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा यह दिन भारत की संघीय और लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

2. जनगणना 2027 के लिए जनगणना समन्वय समिति की दूसरी बैठक कल मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

3. विरासत और तकनीक आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने उच्च गुणवत्ता वाले वर्चुअल रियलिटी वृत्तचित्रों की एक श्रृंखला शुरू की है।

4. अंडमान निकोबार पुलिस में कार्यरत कांस्टेबलों और हेड कांस्टेबलों के लिए 'विशेष श्रेणी' पदनाम लागू करने का निर्णय लिया गया है।

<><><><><><><>

मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के स्थापना दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपसमूह में रहने वाले उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह दिन वर्ष 1972 से भारत की संघीय और लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जब मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था। तीनों राज्यों ने अपनी समृद्ध सभ्यता, विरासत और प्राकृतिक सुंदरता के साथ लोगों के जज्बे और सांस्कृतिक विविधता के साथ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप राष्ट्र के सामाजिक ताने–बाने को समृद्ध किया है। उप–राज्यपाल ने लोगों से 'विकसित भारत' के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को और दृढ़ करने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में जनगणना 2027 के लिए केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की दूसरी बैठक कल मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में संबंधित सचिवों ने भाग लिया। चार्ज ऑफिसर भी इस बैठक में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। दूरदराज के क्षेत्रों के अधिकारियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। जनगणना संचालन निदेशक, पूर्वा गर्ग ने अब तक हुए कार्यों की प्रगति और जनगणना 2027 के संचालन की भविष्य की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। बैठक में 2027 की जनगणना के लिए भविष्य के रोडमैप पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान में विनियमित और टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देने तथा आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के प्रयासों के तहत, सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने वंडूर में विनियमित वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की शुरुआत की है। इस अवसर पर मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी, पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों, पर्यटन हितधारकों और स्थानीय नाव संचालकों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से इन गतिविधियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान, गोवा द्वारा किए गए एक व्यापक Risk Assessment Study पर आधारित है। संस्थान की सिफारिशों के आधार पर, विधिवत सीमांकित परिचालन क्षेत्रों के भीतर ग्लास बॉटम बोट राइड और पैरासेलिंग शुरू करने की अनुमति दी गई है। इन गतिविधियों के संचालन की अनुमति स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण के नियमों के कड़ाई से पालन के साथ दी जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से आई टी आई डॉलीगंज में आयोजित 'इण्डिया स्किल्स' प्रतियोगिता का उद्घाटन कल श्रम, रोजगार और प्रशिक्षण के आयुक्त–सह–सचिव डॉ. सचिन शिंदे ने किया। 22 जनवरी तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के दौरान ITI डॉलीगंज, कौशल उत्कृष्टता और नवाचार के केंद्र के रूप में कार्य करेगा। संस्थान के प्रधानाचार्य वेंकटेश सी.एच. ने इण्डिया स्किल्स और वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिताओं के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. सचिन शिंदे ने आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में कौशल–आधारित शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से उद्यमी मानसिकता विकसित करने का आह्वान करते हुए द्वीप समूह के समुद्री, पर्यटन और आतिथ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारी मांग का उल्लेख किया। लगभग 30 विभिन्न ट्रेडों में प्रतियोगिताएं शुरू हुईं, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के 82 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस दौरान छात्रों के लिए 'ट्राई–ए–स्किल' और 'डू–इट–योरसेल्फ' गतिविधियां आयोजित की गई हैं।

<><><><><><><>

विरासत और तकनीक आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने उच्च गुणवत्ता वाले वर्चुअल रियलिटी वृत्तचित्रों की एक श्रृंखला शुरू की है। यह पर्यटकों को द्वीप समूह का इमर्सिव, एरियल और 360–डिग्री अनुभव प्रदान करेगा। इस पहल का वर्चुअल उद्घाटन कल मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। ये वृत्तचित्र निकोबार द्वीप समूह,

विशेष रूप से कामोर्टा और ननकौड़ी हार्बर के सांस्कृतिक और नृवंशविज्ञान महत्व को जीवंत रूप से दर्शाते हैं। इसमें पारंपरिक खेल उत्सव पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। पर्यटकों और आम जनता की सुविधा के लिए, इन वृत्तचित्रों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया गया है। इन्हें देखने के लिए एक विशेष रूप से डिजाइन की गई चलती–फिरती बस में 'मोबाइल वीआर थिएटर' बनाया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस बल के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कांस्टेबलों और हेड कांस्टेबलों के लिए 'विशेष श्रेणी' पदनाम लागू करने का एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। यह निर्णय अंडमान निकोबार पुलिस (कार्यकारी), अग्निशमन सेवा, पुलिस रेडियो, PMT, PMF और IRBn के कर्मियों पर लागू होगा। इसके तहत वे सभी कांस्टेबल जिन्होंने संबंधित वर्ष की पहली जनवरी तक 15 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है और जिन्हें पहला MACP मिल चुका है, वे अब 'हेड कांस्टेबल (विशेष श्रेणी)' का पदनाम धारण कर सकेंगे। वे हेड कांस्टेबल जिन्होंने कुल 25 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है और जिन्हें पहला व दूसरा MACP मिल चुका है, वे 'सहायक उप–निरीक्षक (विशेष श्रेणी)' के पद के पात्र होंगे। इस निर्णय से पुलिस बल के लगभग 85 प्रतिशत कर्मियों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में आवश्यक सेवा अवधि पूरी करने वाले 57 प्रतिशत कर्मियों को इसका तत्काल लाभ मिलेगा। यह पहल पुलिस कर्मियों के करियर के विकास, प्रेरणा और उनके पेशेवर सम्मान को बढ़ाने में सहायक होगी। अंडमान निकोबार पुलिस ने इस पहल के लिए उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी, मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार और पुलिस महानिदेशक हर गोबिन्दर सिंह धालीवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के 74वें स्थापना दिवस के समारोह के हिस्से के रूप में, कल पुलिस की ओर से फ्लैग प्वाइंट में एक निहत्थे युद्ध का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों ने अनुशासन, साहस, और शारीरिक फिटनेस का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन "न्यूनतम बल, अधिकतम नियंत्रण" के सिद्धांत पर आधारित था। मैट वर्क प्रदर्शन के माध्यम से वास्तविक जीवन की रक्षा तकनीकों जैसे चाकू, डंडा, और गर्दन की पकड़ से बचाव के साथ–साथ गिरफ्तारी लॉक तकनीकों और फायर रिंग जंपिंग का प्रदर्शन किया गया।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के निर्वाचन आयोग ने द्वीपों के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए आठ फरवरी को उप–चुनाव कराने की घोषणा की है। इसके तहत डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मधुपुर का निर्वाचन क्षेत्र मधुपुर–6, रंगत तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाकुलतला का निर्वाचन क्षेत्र बकुलतला–3, फरारगंज तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मन्नारघाट का निर्वाचन क्षेत्र मन्नारघाट–4 और ग्राम पंचायत होप टाउन का निर्वाचन क्षेत्र बम्बूफ्लैट–1 में ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए चुनाव कराया जाएगा। मायाबंदर में जिला परिषद सदस्य और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद में वार्ड संख्या 17 के लिए वार्ड पार्षद के खाली पड़े पदों के लिए चुनाव होंगे।

<><><><><><><>

अनिम्स में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए एम डी और एम बी बी एस सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के रिक्त सीटों के लिए तीसरे चरण का परामर्श 7 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी ANIIMS की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>